**खबर संक्षेप**

### लोगों के बैठने के लिए लगाई गई सीमेंट बेंच



**परासिया :-** परासिया ब्लाक के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाई गई। यह बेंच एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी आँफ इंडिया लिमिटेड (AIC) के द्वारा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक नागदवने के मार्गदर्शन में कृषक, आम जनता, राहगीर आदि के बैठने के लिए बनाई गई हैं। ए डी ओ श्री नागदवने ने बताया, कि लोगों की सुविधा हेतु सीमेंट के बेंच लगवाई गई, ताकि आम नागरिकों को कोई परेशानी ना हो तथा वह आराम से बैठकर विश्राम कर सकें।

**कहां कितनी लगी बेंच :-** कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परासिया में - 02 कार्यालय जनपद पंचायत परासिया में 01 कार्यालय पशु चिकित्सा विभाग उमरेठ में 01कार्यालय सेवा सहकारी समिति उमरेठ में 01 सेंट्रल बैंक मोरडोंगरी में 01अभी तक कुल 6 सिमेन्ट बेंच लगाई गई।

### 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4500 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आज चौरई के आबकारी अमले द्वारा चांद के ग्राम पिपरिया, धमनियां, चिखलीखुर्द, तिघरा, सलैया के आसपास के क्षेत्रों में कार्यवाही कर अवैध मदिरा विक्रेताओं के रिहायशी मकान एवं अड्डों में छापे मारे। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क एवं 34(1) च के तहत कुल 04 प्रकरण दर्ज कर और दो चढ़ी भट्टी जिसमें 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4500 कि.ग्रा. महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया तथा हाथभट्टी महुआ शराब आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया।

## पुलिस ने जब्त की साढ़े चार लाख की बाइकें, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

# पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर, छह बाइकें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव पुलिस ने चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने चोरों पास से छह बाइकें बरामद की है। ये बाइकों की कीमत साढ़े लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं अन्य दो आरोपी अभी भी फरार चल रहे है।

प्रार्थी देवेन्द्र नागवंशी ने 21दिसंबर 2025 कों रिपोर्ट किया कि 20 नवंबर 2025 कों उसकी होण्डा ड्रीम युगा मो.सा.क्रं. MP-28/MY- 6503 कोई अज्ञात चोर रात्रि में घर के सामने से चोरी कर ले गया है जिसमे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्रं. 447/2025 धारा 303(2) BNS का अपराध पंजीबद्ध किया गया!(2) इसी प्रकार प्रार्थी नरेन्द्र साहू/गोकुल साहू निवासी ग्राम मोयारी थाना जुन्नारदेव के द्वारा रिपोर्ट किया कि 04 अक्टूबर 2025 को उसकी मो.सा होण्डा CD110 क्रं.MP-28-MZ 6032 को कोई अज्ञात चोर बाजार से चोरी कर ले गया इसमे भी अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना जुन्नारदेव मे अप.क्रं. 452/2025 धारा 303(2) BNS का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मुखबिर सूचना और तकनीकी माध्यमो से जुन्नारदेव थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बघेल उप-थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे व स्टॉफ ने विवेचना के दौरान आरोपी साहिल/स्व. हसीब अंसारी 25 साल निवासी डुंगरिया से पुलिसिया अंदाज मे गहन पूछताछ करने पर बताया कि 04 अक्टूबर को उसने जुन्नारदेव बाजार से उपरांकित नम्बर की मो.सा और 20 नवंबर 2025 की रात में अपने अन्य दो साथी दीपक और नागले के साथ जुन्नारदेव से होण्डा ड्रीम युगा मो.सा. घर से सामने से चोरी करना बताया एवं साथ ही अन्य जिलो होशंगाबाद सीहोर बैतूल से भी अन्य 04 होण्डा साईन मो.सा.चोरी कर अपने घर में छुपाकर रखना बताया जिसके आधार पर जुन्नारदेव पुलिस ने 26 दिसंबर 2025 को आरोपी साहिल अंसारी के घर ग्राम कोल्हिया डुंगरिया थाना जुन्नारदेव से दोनों मोटरसाइकिल एवं इसके अतिरिक्त जिला होशंगावाद, सीहोर, बैतूल से भी चोरी हुई अन्य 04 मो.सा. होण्डा साईन कम्पनी की भी जप्त की इस प्रकार आरोपी के कब्जे से कुल 06 मो.सा कीमती लगभग 4,50,000/की जप्त कर आरोपी साहिल अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जिला जेल छिन्दवाड़ा भेजा गया है उक्त प्रकरण के अन्य 02 आरोपी दीपक और नागले फरार है जिन्हे भी गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर अन्य मोटरसाईकिले भी जप्त की जायेगी।

## वन विभाग ने दिया कार्यवाही को अंजाम

# वनविभाग की दबिश : सागौन पल्ला और 3 सागौन लट्ठे बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कल वनविभाग पांढुर्ना के दल ने एक आटो रिक्शा से प्लास्टिक बोरी में छुपाकर परिवहन किया जा रहा सागौन पल्ला बरामद किया। दल के अधिकारियो को आटो चालक आसिफ शेख पिता हाजी इकबाल निवासी टेकडी वार्ड ने बताया कि यह पल्ला आटो में बैठे नारायण पिता खुशाल चौधरी निवासी घनपेठ का है। मांगने पर भी नारायण चौधरी ने वन अधिकारियों सागौन पल्ला के वैध दस्तावेज नहीं दिखाए। उन्होंने बताया कि यह पल्ला ग्राम मांगुरली के बढई निलेश सुपटकर से अवैध रूप से अपने मकान में लगाने के लिए बनाया है।

इस सूचना पर वन विभाग का दल निलेश सुपटकर के घर गया और बढईगिरी का पंजीयन के बारे में पूछा। निलेश द्वारा पंजीयन नहीं होना और पल्ला के लिए सागौन की लकडी पुरूषोत्तम चौधरी के खेत से लाना बताया। विभाग की टीम निलेश द्वारा बताए खेत में पहुंची और खेतमालिक की उपस्थिति में कोठे में रखे 3 नग सागौन लठ्ठे को बरामद किया।

वन कर्मचारियों ने सभी सागौन लठ्ठों का नापजोख कुल 0.245 घनमीटर सागौन होना बताया। इस जप्ती कारवाई में रमेश कुमार इवनाती, राजेंद्र कुमार कुशरे, अलकेश इंदौरकर और अन्य का सहयोग रहा।

# नपाअध्यक्ष ने शासकीय भूमि पर जमाया अवैध रूप से कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

नगर पालिका दमुआ के निकाय वार्ड नं. 08 माईनस ऐरिया क्षेत्र में मंदिर के नाम से रंग मंच की राषि स्वीकृत कराई गई, और मंदिर का नवनिर्माण भी किया गया, परन्तु मंदिर के आड़ से नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा अपनी कार वाहन रखने एवं खड़ा करने के लिये मंदिर कम्पाउंड से सटाकर गैरिज बनाया गया, और कार खड़ी की जा रहीं है एवं सी.सी. टी.वी कैमरे भी लगाये गये है, इस तरह मंदिर के आड़ में गैरिज बनाया गया है और शासकीय भूमि में गैरिज बनाकर अपना अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया, जो कि नियम विरूद्ध है, नगर पालिका अध्यक्ष दमुआ द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुये नियम विरूद्ध कार्य किये जा रहे है, और सरकारी राषि मद का दुरूपयोग भी किया जा रहा है जब जनप्रतिनिधिगण होते हुये शासकीय भूमि में अपना अवैध कब्जा अतिक्रमण करेगें तो आम आदमी की बता हीं निराली है जन मानस नागरिको का कहना है कि रंग मंच के नाम से सरकारी राषि स्वीकृत कराई गई और मंदिर का निर्माण किया गया। एवं मंदिर कपाउंड से सटाकर गाड़ी खड़ी एवं रखने करने के लिये गैरिज भी बनाया गया है। सरकारी स्वीकृत राषि में मद दोनों कार्य कराये गये होगें।

# मू-ए-मुबारक के कराये गए दीदार



**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन चिखली नूरी मस्जिद में ख्वाजा मोइनुद्दीन की छठी के मुबारक मौके पर मू - ए - मुबारक के दीदार कराये गए। हर साल की तरह इस साल भी नूरी मस्जिद अंजुमन कमेटी के द्वारा हजरत मुस्तफा जाने रहमत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, हजरत अब्दुल कादिर जिलानी गौसे आजम रजि अल्लाह ताला, हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह के मुं ए मुबारक के दीदार का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान न्यूटन और आसपास के सरकार के चाहने वाले जायरीनो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दीदार किया।

### गुरैया सब्जी मंडी में लगा साप्ताहिक जैविक हाट बाज़ार

गुरैया सब्जी मंडी में शनिवार को पुनः साप्ताहिक हाट बाज़ार लगा। साप्ताहिक जैविक हाट बाजार प्रति शनिवार प्रातः 10 बजे से लगता है।

# किशोरी बालिकाओं के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविर, एनीमिया से बाहर हुई बालिकाएं

**परासिया :-** ग्राम पंचायत भमोड़ी के प्रयास से तीन माह के भीतर चिन्हित सभी बालिका एनीमिया से बाहर हो गयी हैं। तीन माह पहले 17 बालिकाओं को रक्त अल्पता के लियेचिन्हित किया गया था। शनिवार को किशोरी बालिकाओं के फालोअप जांच के लिये विशेष शिविर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें गांव की 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की 44 किशोरी बालिकाओं की जांच शासकीय चिकित्सक डा सुधा बक्शी द्वाराजांच, रक्त परीक्षण, दवाइयां एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। सरपंच विपिन श्रीवास्तवने बताया, कि ग्राम में बहुत सी किशोरी बालिका रक्त अल्पता एनीमिया की शिकार थीं।इसलिये तीन माह पूर्व 26 सितंबर को विशेष शिविर लगाकर लगभग 65 बालिकाओं कापरीक्षण कराया गया था।जिसमें 17 बालिका रक्त अल्पता की मिली थीं। जिन्हें दवाइयां देकर नियमित सलाह दी गयी थीं। तीन माह बाद शनिवार को फालोअप के लिये शिविर लगाया गया। जिसमें चिन्हित सभी बालिकाओं में सुधार हुआ और वह एनीमिया से बाहर हो गयी।इस शिविर में अन्य बालिकाओं में मात्र एक बालिका एनीमिया की मिली है। जिसे दवाइयांदी गयी हैं। सरपंच ने कहा, कि जिन बच्चियों का वजन कम है उनके माता पिता के साथ स्वास्थय विभाग की संयुक्त बैठक कर परामर्श तथा समझाईश दी जायेगी। जिससे बच्चियों में अपेक्षित सुधार हो सके। शिविर में डा सुधा बक्शी, सरपंच विपिन श्रीवास्तव, जीआरएस इकबाल अहमद, पुनीत पुरी, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर सोनू रावत, एनएम उषाकाकोड़िया, मीरा बरखे, माया साहू, फार्मासिस्ट ताज मोहम्मद, लैब टेक्नीशियन हीरामोनी अहिरवार, विशाल लाउत्रे, आशा सहयोगिनी गीता मारवाड़, आशा कार्यकर्ता मीना बावरिया, अमरावती गौतम, रेखा विश्वकर्मा, पुष्पा भारती, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा बरेठिया व किरण वर्मा उपस्थित रहीं।



## गणित से डरने की नहीं समझने की जरूरत, गणित जीवन के हर पहलू में सहायक



**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से जनजातीय कार्य विभाग विकास खंड तामिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुलसान में गणितीय कार्यशाला `संख्याओं की दुनिया और हमारी समझ` का आयोजन किया गया जिसमें गणित की व्यावहारिक प्रयोग का एवं जीवन में संख्याओं का उपयोग संख्याओं की मूल अवधारणा शैक्षिक जीवन के अलावा अन्य जीवन के पहलुओं में गणित का उपयोग आदि पर विचार अतिथियों द्वारा रखे गए कार्यक्रम में गणित विशेषज्ञ एवं प्राचार्य अब्दुल हक खान, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मुरली धर राव, गणित के मास्टर ट्रेनर संजय मोहड़, शाहिद अंसारी मास्टर ट्रेनर गणित, ग्राम पंचायत खुलसान के सरपंच राजकुमार कुमरे, उच्च माध्यमिक शिक्षक मनोज उसरेठे प्राचार्य हरिश प्रसाद साहू, कार्यक्रम समन्वयक आकाश लालवानी, श्रीमती माया साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं विद्यार्थियों द्वारा गणितीय गीत गाकर की गई इसके पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए गणितीय मॉडलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया साथ ही सिक्कों की प्रदर्शनी भी विद्यार्थियों द्वारा शाला प्रांगण में लगाई गई, इसके पश्चात सभी अतिथियों ने गणित का महत्व आदि पर बात करते हुए बताया कि जीवन में गणित से नहीं डरना चाहिए बल्कि उसे समझते हुए उसका उपयोग हमारे दैनिक जीवन में करना चाहिए।

# दयानंद ने राहगीरों को जोखिम से बचाने सड़क पर बिखरी गिट्टी हटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुये एवं विगत दिनों नरसिंहपुर रोड पर हुई घटना को देखते हुये समाजसेवी दयानंद चैरसिया ने आज ओवर ब्रिज के नीचे तिलक मार्केट चैराहे पर जहॉ-तहॉ पड़ी बिखरी गिट्टी हटाई ताकि आम राहगीरों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होनें कहा कि अभी भी शहर में अनेकों स्थानों पर जहॉ-तहॉ, गिट्टी एवं मटेरियल पड़ा हुआ है एवं आवागमन के मार्गो पर गड्डे हो रहे हैं और आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखने के बाद भी नगर निगम नहीं जागा है। दयानंद ने प्रशासन से मांग की है कि रोड पर चलने वाले गिट्टी के ओवर लोड ट्रेक्टर एवं डम्पर पर रोक लगायी जावे क्योंकि आवेर लोड वाहनों की गिट्टी भी जहॉ-तहॉ गिरने से वाहन में टकराने के कारण कई दुर्घटनायें हो चुकी है। दयानंद ने विगत दिनों महिला के साथ हुई दर्दनाक घटना को देखते आज सड़क पर बिखरी गिट्टी हटाते हुये प्रशासन से मांग की है कि जबावदार अधिकारी यदि ओर ध्यान दें तो इस गंभीर समस्या का निराकरण हो सकता है, और आये दिन शहर में हो रही घटनाओं पर रोक लग सकती है।

# भाजपा राम मंदिर नगर मंडल ने वीर साहिबजादों की शहादत को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



देश धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे वीर साहिबजादों का शहीदी दिवस को पूरे देश में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा राम मंदिर नगर मंडल 3 छिंदवाड़ा में राजपाल चौक में इस हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी ने साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के देश धर्म के प्रति अडिग रहते हुए बलिदान देने की बात को याद कर भाजपा सरकार द्वारा सिख समुदाय के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर और महामंत्री पंकज पाटनी ने दोनों साहिबजादों को याद करते हुए इसे सच्चा बाल दिवस बताया। उन्होंने कहा कि यह हमें जीवन में समर्पण और त्याग की ऊंचाई पर ले जाने को प्रेरणा देते है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के मार्गदर्शन मे इस बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शरद बैंडे और आलोक साहू ने आभार व्यक्त किया।

## वीर बाल दिवस पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को किया याद

**छिंदवाड़ा।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को गुलाबरा नगर मंडल 4 अंतर्गत गोधूलि आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वक्ताओं ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा कि वीरता और सिद्धांतों पर अडिग रहने के लिए उम्र मायने नहीं रखती। गुलाबरा नगर मंडल 4 अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कहा कि वीर बाल दिवस का उद्देश्य युवा पीढ़ी को साहिबजादों के अदम्य साहस, धैर्य और नैतिकता की कहानियों से परिचित कराना है। यह दिवस भारतीयता की रक्षा करने के लिए कभी ना झुकने का संकल्प और हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, महामंत्री आशुतोष वाड़ीवा, पार्षदगण लोकेश डेहरिया, धनराज भूरा भांवरकर, उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, विजय पाटिल, माया बंदेवार, नीलू क्षत्रिय, चैतराम पाल, असरब कुमरे, विजेंद्र भार्गव सहित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गई गुरु गोबिंद सिंह जयंती

## गुरुद्वारे में किया गया अरदास, बंटा लंगर, निकाला नगर कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर के श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा में सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंहजी की जयंती श्रद्धापूर्वक तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारे में सिख, सिंधी एवं पंजाबी समाज के अनुयायियों के द्वारा दीवान साहब को सजाया गया। उसके पश्चात जबजीत साहब और चौपाई साहिब का पाठ किया गया। प्रातःकालीन शबद, कीर्तन तथा गुरु की संगत का आयोजन किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अनुयायियों के द्वारा अरदास अर्पित की गई। दोपहर बाद गुरुद्वारे में गुरु का अटूट लंगर प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। सिख पंथ सहित सनातनी वर्ग के लोगों का गुरुद्वारे में बड़ी संख्या में जमावड़ा रहा।

### वीर बालकों की शहीदी पर सात दिवसीय शहीदी सत्ता का आयोजन

सनातन धर्म की रक्षा के लिए शहीद होने वाले चार वीर बालक के स्मरण करते हुए सात दिवसीय शहीदी सत्ता का भी आयोजन गुरुद्वारे में लगातार किया गया। सिख गुरु श्री गोविंद सिंह के चार वीर साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की वीर बहादुरी का स्मरण इन सनातन अनुयायियों के द्वारा यहां किया गया। इससे एक दिन पहले गुरुद्वारे में श्री निशान साहिब का पूजन कर उसे भी चढ़ाया गया था।

## कुम्भपानी वन परिक्षेत्र में दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बिछुआ।** जमतरा - कुम्भपानी वन परिक्षेत्र में दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया,पी एम श्री स्कूल थोटामाल,मध्यमिक शाला बंधानमाल, हाई स्कूल खमरियामाल,के स्कूली बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को प्रकृति, वन संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को वन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया तथा पेड़-पौधों, वन्य जीवों और पर्यावरण संतुलन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों से प्रकृति के संरक्षण हेतु सहयोग करने की अपील की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।



## उद्योग की उत्पादन व्यवस्था, मशीनरी एवं कार्य वातावरण का औचक अवलोकन करने इमलीखेड़ा पहुंचे कलेक्टर

# महिला रोजगार और उत्पादन क्षमता की सशक्त मिसाल बनी 'जे.जे. जीन्स' औद्योगिक इकाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



शासन द्वारा जिले में औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ाने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत शासन की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना का लाभ लेकर प्रोपराइटर श्री महेन्द्र बड़जात्या जिले के इमलीखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित अपनी जे.जे.जींस औद्योगिक इकाई के सफल संचालन से महिला रोजगार और उत्पादन क्षमता की सशक्त मिशाल पेश कर रहे हैं।

जे.जे.जीन्स का फैक्ट्री आउटलेट चंदनगांव क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इकाई में शर्ट एवं जीन्स का निर्माण किया जाता है।

वर्तमान में इकाई के माध्यम से 55 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है, जिनमें अधिकांश महिलाएँ शामिल हैं, जिससे महिला रोजगार को उल्लेखनीय बढ़ावा मिल रहा है।

**उद्योग विस्तार से बढ़ा निवेश और उत्पादन** - इकाई द्वारा उत्पादन विस्तार के उद्देश्य से प्लांट, मशीनरी एवं भवन में निवेश कर उत्पादन क्षमता में वृद्धि की गई है। विस्तार के बाद इकाई में उत्पादन कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

**एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत अनुदान स्वीकृति** - मध्यप्रदेश शासन की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इकाई को स्थाई पूंजी निवेश पर अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से उद्योग को आर्थिक संबल मिला है, जिससे इकाई के संचालन एवं विस्तार को मजबूती प्राप्त हुई है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा बल** - इकाई के संचालन से जिले में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिली है। स्थानीय स्तर पर विपणन, रोजगार और निवेश के माध्यम से मेसर्स जे.जे. जीन्स जिले की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### सावित्री बाई जयंती मनाने हेतु कार्यकारिणी की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाडा।** रविवार को दोपहर 3 बजे जिला माली समाज विकास परिषद छिंदवाड़ा द्वारा बरारीपुरा माली समाज भवन में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी समाज के संयोजक भाऊराव चरपे ने देते हुये बताया कि इस बैठक में आगामी 4 जनवरी 2026 को सावित्री बाई फुले जी की 191 वीं जयंती माली समाज महात्मा ज्योतिबा फुले भवन, लोनिया करबल में मनाने हेतु विचार विमर्श किया जायेगा साथ ही जयंती कार्यक्रम भव्य रूप में मनाने हेतु रणनीति बनायी जायेगी। चरपे ने समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की है इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम हेतु मार्गदर्शन दें।

## नए वर्ष के लिए हनुमान दादा से मांगी मंगल कामनाएं

# दर्शन के लिए आखिरी शनिवार जामसांवली मंदिर पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

2025 वर्ष का अंतिम शनिवार होने के चलते श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई है,श्रीमूर्ति की प्रातः में होने वाली महाआरती के लिए शुक्रवार रात्रि से ही हजारों की तादाद में हनुमान भक्त चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में पहुंच गए थे।

वही दिन भर सीवनी बैतूल बालाघाट छिंदवाड़ा नागपुर की ओर से पदयात्रा के माध्यम से हजारों हनुमान भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर श्री मूर्ति की दर्शन करते हुए नए वर्ष के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की है। पांढुर्णा से श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली पदयात्रा करते हुए पहुंची हजारों की संख्या में आई रैली का मेहराखापा से पिपला ना वार,रिधोरा, घोघरा ओर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में विभिन्न स्वयंसेवी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के द्वारा पेयजल नाश्ता शरबत, भोजन आदि का वितरण करते हुए स्वागत सत्कार किया गया, पद यात्रियों ने मंदिर में पहुंचकर श्रीमूर्ति के दर्शन के साथ महाआरती का पुण्य लाभ यात्रा का समापन किया।





इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी यातायात को लेकर मार्ग परिवर्तित किया गया था,जामसावली मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौसर डीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे, सौसर टी रूपलाल उईके के अलावा अन्य थानों के पुलिस बल के द्वारा की गई थी,चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि हजारों के तादाद में शनिवार को पहुंचे हनुमान भक्तों के लिए पार्किंग,पेयजल, महाप्रसाद, आदि की व्यवस्था चमत्कारी हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से की गई थी,अंबाडॉ से जाम सावली पहुंची पदयात्रा का महगांव में स्वागतइधर अम्बाड़ा से जामसांवली की ओर निकली पवित्र पदयात्रा का मोहगांव नगर में नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, जयकारों और सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिनंदन किया। पदयात्रियों के लिए चाय, पानी एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई।

सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, इस दौरान मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे, भाजपा नेता मनोज कलंबे मंगल सिंह सोलंकी, उमेश डोंगरे हेमंत कलंबे आकाश सुरजूसे आदि थे।

## अतिथि शिक्षक की बैठक में अनशन को लेकर बनाई रणनीति

**सौसर।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश हाल ही में बैठक संपन्न हुई है।बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी आमरण अनशन कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। संघ के संयोजक सरपत पवार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष बंडू गोलाईत, जिला उपाध्यक्ष राजेश बागडे ने बताया किबैठक में 2,3,4 जनवरी आमरण अनशनपर चर्चा की गई है, जिसमें संघ के पदाधिकारी के द्वारा जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया,संघठन के ब्लाक अध्यक्षओं से चर्चा की गई,बैठक को जिला पदाधिकारी ने सम्बोधित करते जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रत्येक अतिथि शिक्षकों को कंधे से कंधा मिलाकर कार्यक्रम को प्रदेश स्तरीय की पहचान दिलाने की बात कही,साथ ही सभी अतिथि शिक्षक एकजुट होकर कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, 16 -17 साल से अतिथि शिक्षक दूरदराज के ग्रामीण अंचलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, परंतु आज तक सरकार अतिथि शिक्षकों के हित में कोई ठोस कदम नहीं बनपा रही है,इसलिए वर्तमान में जो विभिन्न प्रकार के केडर सरकार समाप्त करने जा रही है,अत्यंत खेद है कि अतिथि शिक्षकों को किसी भी केडर में नहीं रखा जा रहा है,बैठक में जिला सचिव मयूर अनुष्ठाने पांढुर्णा ब्लॉक अध्यक्ष गजानंद वानखेडे,जावेद खान, घनश्याम गोयते,राजेंद्र पिंपलकर श्याम डोंगरे,सूर्यकांत शेंडे, प्रमोद तहकीत आदि थे।

## सौंसर के खिलाड़ी देश में कर रहे हैं नाम रोशनः संदीप मोहोड़



**सौसर।** ग्राम वाघोडा में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा की खिलाड़ियों और बच्चों ने शिक्षा के साथ-साथ क्षेत्र में होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी अधिक ध्यान देना चाहिए, क्रिकेट और अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी खिलाड़ी अपने भविष्य को सवार सकते है। हाल ही में बोरगांव के युवा खिलाड़ी मंगेश यादव ने आईपीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौसर और बोरगांव क्षेत्र का नाम संपूर्ण प्रदेश और देश में रोशन किया है, खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए, इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री मोहड़ के द्वारा वाघोड़ा के ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना।

## अघोषित बिजली कटौती से जनता हुई त्रस्त

**जुन्नारदेव।** अटल ज्योति नहीं है अटल सरकार 24 घंटे बिजली सप्लाई देने का कितना भी दम भरें लेकिन चौबीस घंटे बिजली मिलना संभव नहीं सिर्फ दिखावा है। ऐसा इसलिए है की शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली विभाग द्वारा की जा रही है लगातार अघोषित बिजली कटौती के चलते जनता भारी परेशान हो चुकी है। बीते 25 दिनों से कई बार बिजली बंद की गई जिससे लोगों को सुविधा का सामना करना पड़ा व्यापार में भी जिसका खासा असर देखने को पड़ रहा है। आज शनिवार 27 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से अचानक बिजली बंद हुई और शाम को 5:30 बजे बिजली गोल की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी शिविर लगाया गया जिसमें भूखे प्यासे महिलाएं घंटों नसबंदी कराने के लिए बैठी रही विधुत कटौती होने के कारण महिलाओं और बच्चों सहित उनके परिजनों को इस समस्या से जूझना पड़ा। बता दें कि बिजली विभाग की मनमानी शिखर चढ़ रही हैं मेंटेनेंस के हवाला देकर बिना सूचना दिए ही अघोषित बिजली कटौती की जाती है व्यापारियों में जिसका सीधा असर देखने को मिला।बिजली आपूर्ति नही होने से अब इमरजेंसी बैटरी,जरनेटर ओर इनवेंटर का सहारा लेकर काम चलना पड़ता है। लोग पुराने दिनों की झलक अब साल 2025 के बिदाई के समय में याद कर रहे हैं।

## केसरिया रंग में रंगी जामसांवली पदयात्रा, जयकारों से गूंजा आस्था का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रतिवर्षानुसार वर्ष के अंतिम शनिवार को आज सुबह 7 बजे गुजरीबाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से जामसांवली हनुमान मंदिर तक ऐतिहासिक पदयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ हुई। हजारों भक्तों का हुजूम बजरंगबली के जयघोष लगाता हुआ पांढुर्ना से करीब 35 किमी दूर स्थित पवित्र जामसांवली धाम की ओर रवाना हुआ। केसरिया गमछा ओढ़े श्रद्धालुओं से पूरा मार्ग पट गया, जो सनातन एकता और आस्था का संदेश दे रहा था।



पदयात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे मार्ग में "जय हनुमान ज्ञान गुण सागर", हनुमान चालीसा और आरतियों की गूंज बनी रही। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमानजी की पीतल की प्रतिमाओं को रथ पर सवार कर आकर्षक झांकी का स्वरूप दिया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शाम 4 बजे के बाद पदयात्रा जामसांवली हनुमान मंदिर पहुंची।ऐतिहासिक पदयात्रा को लेकर जिला पुलिस द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मार्ग में जगह-जगह स्वयंसेवकों द्वारा पेयजल, नींबू पानी और प्रसाद के स्टॉल लगाए गए। आदित्य क्लब पांढुर्ना के सौजन्य से जामसांवली मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों स्वयंसेवक सेवाकार्य में जुटे रहे।राजना आश्रम के परम श्रद्धेय संत श्री विवेक महाराज, हनुमंत अजाबराव साबले महाराज, मदनभाऊ ठाकरे और रामेश्वर घागरे महाराज (पंढरपुर) की उपस्थिति ने पदयात्रा को अलौकिक ऊर्जा से भर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 से प्रारंभ हुई जामसांवली पदयात्रा हर वर्ष श्रद्धालुओं के बीच और अधिक लोकप्रिय होती जा रही है।इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, एसपी सुंदर सिंह कनेश, एडिशनल एसपी नीरज सोनी, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, एसडीएम अलका एक्का, सिद्धार्थ पटेल, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, एसडीओपी बृजेश भार्गव सहित अन्य अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करते रहे। जामसांवली पदयात्रा समिति के अध्यक्ष मनोज गुडधे ने सफल आयोजन एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दौड़ेंगी आशना धुर्वे



**जुन्नारदेव।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन रतलाम जिले में किया जाना सुनिश्चित किया गया है इस 4000 मीटर की दौड़ में जुन्नारदेव शहर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय में संचालित आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी की धावक खिलाड़ी आशना पिता जगदीश धुर्वे रतलाम के लिए रवाना हुई। आशना के कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुशासित एवं कड़ी मेहनत कर लगातार आशना ने अपने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया है। माता-पिता का सहयोग एवं परिश्रम से यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर पाई है। इस बार खिलाड़ी आशना मध्य प्रदेश के साथ-साथ अपने जिले एवं शहर का भी नाम रोशन करेगी इस प्रतियोगिता में मैनेजर सुमंत लखरा,कोच प्रियंका लखरा को नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता में अपने खेल का उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने हेतु जिला सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला क्रीड़ा अधिकारी कप्तान अनुरोध शर्मा,आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष निलेश शुक्ला उपाध्यक्ष नितिन राजोरिया,कोषाध्यक्ष सरिता रुखमांगद, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश रुखमांगद बॉडीबिल्डर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश राठौर ने अच्छे खेल प्रदर्शन हेतु आशीर्वाद देकर रवाना किया।

## वनविभाग की लापरवाही के कारण मरने के बाद भी गरीबों को नसीब नहीं हो रही शवदाह के लिये लकड़ी

# अंतिम संस्कार के लिये निस्तार डिपो लांजी में लकड़ियों का टोटा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वन विभाग की उदासीनता के कारण आम लोगों, खासकर गरीबों को अंतिम संस्कार जैसी अनिवार्य प्रक्रिया के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है दाह संस्कार हेतु वन विभाग लांजी निस्तार डिपो लांजी के पास लकड़ी नहीं है। जिससे गरीबों को दाह संस्कार हेतु लकड़ी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं जब कोई जरूरतमंद लकड़ी के लिए वनविभाग पहुंचता है तो उसे बैरंग वहां से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है और विवश होकर चिरान और मंहगे दामों में लकड़ी खरीदना पड़ रहा है। शव जलाने के लिए लोगों को स्थानीय स्तर में लकड़ी जमा कर शवदाह करना पड़ रहा है। वन संपदा से भरपूर लांजी क्षेत्र के निस्तार डिपो में जलाऊ लकड़ी न होने के कारण लोगों को जलाऊ कार्य के अलावा शवदाह आदि के लिए भी भटकना पड़ रहा है। विगत माह भर से परिक्षेत्र लांजी स्थित निस्तार डिपो में जलाऊ लकड़ी नहीं है। क्षेत्र में जलाऊ लकड़ी की मांग न के बराबर है। फिर भी डिपो लकड़ी का नहीं होना हैरान करने जैसा है। नगरीय क्षेत्र लांजी में माह भर में सात से आठ की संख्या में शवदाह होता है, जिसके लिए लकड़ी की व्यवस्था कोटेश्वर मार्ग स्थित डिपो से ही की जाती है। ग्रामीण अंचल में तो जलाऊ लकड़ी घरों से मिल जाती है, लेकिन लांजी नगर में शवदाह के लिए लकड़ी एकत्र करना बड़ी समस्या बन जाती है।






**पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस ने उठाए सवालः** इस संबंध में पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस ने कहा की यह काफी शर्मनाक है की वनविभाग लांजी में इस तरह की कार्यप्रणाली अपनाई जा रही है जिससे गरीब और लाचार तबके के लोगों को लकड़ी के लिये ईधर उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होने कहा वनविभाग लांजी पूर्ण रूप से कुंभकर्णीय नींद में सो रहा है। क्षेत्र के लोगो को शवदाह के लिये लकड़ी नहीं मिल पाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व पार्षद ने जिला कलेक्टर एवं वनविभाग का ध्यान आकर्षण कराते हुए तत्काल समस्या का हल करने कहा है अगर शव दाह की लकड़ी के लिये भी लोगों को तरसरना पड़े रहा तो यह काफी शर्मनाक है क्या इसके लिये भी लोगों को आंदोलन करना पड़ेगा? उन्होने क्षेत्रिय विधायक से भी वनविभाग की इस बदइंतजामी पर ध्यान देने की मांग करते हुए इस मामले में दखल देने का आग्रह किया है।

**मिन्नतों के बाद बमुश्किल मिल पाई लकड़ीः** वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी मुन्नीबाई बागड़े का 26 दिसंबर की देर रात्रि अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा डिपो जाकर लकड़ी की मांग की गई तो वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा लकड़ी नहीं होने की बात कहते हुए अन्यत्र स्थान से व्यवस्था करने के के लिये कहा गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा अपनी गरीबी और लाचारी का हवाला भी दिया गया वहीं स्थानीयजनों द्वारा भी वनविभाग के कर्मचारियों को गरीब परिवार की मदद करने का निवेदन किया गया तब कहीं जाकर मुश्किल से वनविभाग द्वारा गरीब परिवार को शवदाह के लिये लकड़ी उपलब्ध कराई गई।

### इनका कहना है

बीते दिनों ही हमारे डिपो से जलाऊ च` समाप्त हुए है। हमारे द्वारा विभाग को जलाऊ लकडिय़ों के लिये मांग पत्र भेज दिया गया है। वहीं अभी जंगलों में कटाई प्रारंभ हो चुकी है, शीघ्र ही लकडिय़ां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाएगी।

**पवन पटले, परिक्षेत्र सहायक लांजी**

## डोंगरमाली में जिले का पहला वितरण केंद्र 10 एम वी ए पावर ट्रांसफार्मर का विधायक पटेल के हस्ते हुआ शुभारम्भ



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुधार के लिए विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयासों के बाद ग्राम डोंगरमाली वितरण केंद्र में 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत किया गया। पुराने कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने पर यह अपग्रेड राहत देता है और स्थिर बिजली सुनिश्चित करता है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद डोंगरमाली के सैकड़ों गांवों को इसका लाभ मिलेगा। शुक्रवार को विधायक विवेक पटेल द्वारा पूजा अर्चना कर फीता काटने के बाद ट्रांसफार्मर की बटन चालू कर विद्युत प्रवाह प्रारंभ किया गया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता बी एल भैना, कार्यपालन अभियंता एसटीसी-एसटीएम बालाघाट चंद्रहास चंद्राकर, सहायक अभियंता राहुल तुरकर, सहायक अभियंता शैलेश पटले, सहायक अभियंता कटंगी राजीव रंजन, कनिष्ठ अभियंता डोंगरमाली मनोज ठाकरे, विद्युत ठेकेदार जितेंद्र राणा, खैरलॉजी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, महादेव ठाकरे, मानिक भगत, अनिल उइके सहित विद्युत विभाग के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 1 जनवरी से कुम्हली में किसान बैल जोडी पट प्रतियोगिता एंव मेले का होगा आयोजन

**खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हली में 1 जनवरी से तीन दिवसीय किसान बैल जोड़ी दौड प्रतियोगिता एंव वार्षिक मेले का आयोजन होने जा रहा है। पट प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 जनवरी से किया जाएगा और समापन 3 जनवरी को होगा । पट प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी अजाब शास्त्री के द्वारा किया जाएगा तथा पुरस्कार वितरण समाजसेवी प्रशांत मेश्राम के हस्ते किया जाएगा । यह जानकारी समिति के पदाधिकारी डेविड सेलोकर के द्वारा दि गई । उन्होंने बताया की पट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 41 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 35 हजार रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 30 हजार रूपए रखा गया है जो विजेता बैल जोडी के किसान मालिक को प्रदान किया जाएगा साथ ही 31 नबंर तक पुरस्कार की राशि ईनाम के तौर पर रखी गई है। तथा बताया की मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें जिसमे 2 जनवरी को दुय्यम शायरी एंव 3 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में डंडार की शानदार प्रस्तुती होगी।

## कारंजा में छात्रावास भवन का भूमिपूजनः सरपंच और अधिकारी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज लांजी।

कारंजा विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय में छात्रावास भवन का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कारंजा की सरपंच श्रीमती स्नेहा बागड़े और विशिष्ट अतिथि राजेश श्रीवास्तव (एमपीबी अधिकारी, बालाघाट) ने भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता लालाराम नंदनवार,विशेष अतिथि श्यामराव राखड़े और रामेश्वर मटाले (परिषद मनोनीत सदस्य), सहयोगः रामेश्वर मटाले ने छात्रावास के लिए 40 चार्जिंग बल्ब प्रदान किए।

कार्यक्रम में प्रदीप नंदनवार, धनीराम साऊकर, ठेकेदार राजेश्वर आगासे, विद्यालय के आचार्य परिवार और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## धम्म कार्य में तहसील शाखा किरनापुर को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

25 दिसम्बर को धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट की आवश्यक मासिक बैठक संस्था के राज्य शाखा मप्र के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे जी के मुख्यातिथी में,खुशियाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष एवं बौद्धाचार्य बालाघाट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख अतिथि के रूप में आयुनी हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र,आर के कटाने प्रदेश सचिव मप्र,धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,शैलेश सुखदेवे जिला उपाध्यक्ष,सचिव एन के मेश्राम कांटेक्टर ,अशोक गेडाम जिला ऑडिटर शामिल थे,जिसमें बालाघाट नगर कोषाध्यक्ष आयुनी पूर्णिमा गणवीर,लांजी तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार भीमटे,सदस्य लक्ष्मण बोरकर,किरनापुर तहसील अध्यक्ष दूरेन्द्र सावनकर,कोषाध्यक्ष गौतम भीमटे,वारासिवनी महामंत्री अभिराज मेश्राम, बालाघाट संगठक किशोर कुमार भीमटे,कविता गोंडाने सदस्य, भालवा सर्कल से नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद्र रंगारे सचिव प्रभुराज खोबरागड़े,आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।बैठक में सभी बिंदुओं(प्रस्तावों)पर चर्चा कर पारित किए गए,जिसमें मुख्य रूप से दिनांक 7 फरवरी 2026 को त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास सम्पन्न करना,भूटान एवं बुद्धगया,काठमांडू धम्म यात्रा में संस्था के पदाधिकारी एवं समाज के धम्म बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल कर बुद्ध संस्कृति से अवगत कराना,आने वाले तथागत बुद्ध जयंती के अवसर पर लांजी मुख्यालय में 10 दिवसीय श्रामनेर/बौद्धाचार्य एवं जिले मे की कमसे कम 6 तहसील/सर्कल मुख्यालय में दस दिवसीय उपासीका धम्म प्रशिक्षण शिविर आयोजन पर भी चर्चा की गई,अंत में वर्ष विगत दो माह में संस्था के उत्कृष्ट कार्य के लिए तहसील किरनापुर को प्रथम,द्वितीय वारासिवनी,तृतीय स्थान पर लांजी तहसील का चयन कर सभी का स्मृति चिन्ह एवं पंचशील पट्टिका से तहसील अध्यक्ष आद.दुरेन्द्र सावनकर जी,अभिराज मेश्राम जी,प्रमोद कुमार भीमटे जी का सम्मान किया। चिन्ह देकर एवं पंचशील पट्टिका से सम्मान किया गया,सर्कल शाखा भालवा के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.सुभाष चंद्र रंगारे जी का भी सम्मान किया गया। किरनापुर शाखा द्वारा 5 ग्राम ,1 सर्कल शाखा,25 सक्रिय सदस्य,एवं सैकड़ों साधारण सदस्य बनाकर अपना प्रथम स्थान बनाया,आनेवाले माह में सभी शाखाओं ने संस्था के धम्म कार्य निरंतर करना होगा,जिला शाखा की बैठकों में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देना होगा,ताकि संस्था बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब के सम्यक संकल्प को पूरा कर सके। उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखा सम्मान का यह क्रम निरंतर जारी रखा जाएगा।



## अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



### अरिहंत इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों से न्यायाधीश ने किया संवाद

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आज रक्षा करें कल सुरक्षित करें इसी संकल्प को साकार करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिलाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण और सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय कटंगी तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा शनिवार को नगर के पाथरवाड़ा रोड़ स्थित अरिहंत इंग्लिश स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर ने अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता के तहत विधिक जागरूकता और वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीमती गायत्री चौकसे, संचालिका श्रीमती रेखा चौरडिया और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज रक्षा करे, कल सुरक्षित करें के नारे के साथ अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता और सामुदायिक संरक्षण पहल एक महत्वपूर्ण अभियान है।

**खबर संक्षेप**

## अशासकीय स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 8 तक के अशासकीय स्कूलों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी अशासकीय स्कूलों को मान्यता प्राप्त होने के बाद ही स्कूल संचालन करना होगा। इसके लिए क्रश्नश्व रूक्क रूशह्लद्बद्यद्ब रश्चश्च के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान स्कूल भवन, शिक्षकों एवं आवश्यक संसाधनों की जियो टैग फोटो अपलोड करना तथा आरटीई के मानक पूरे करना आवश्यक होगा। जिन स्कूलों की मान्यता 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है, उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र में संचालन हेतु मान्यता नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। नए अशासकीय स्कूल खोलने के इच्छुक संस्थानों को भी निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करना होगा।

# शिक्षा, अनुशासन और भोजन व्यवस्था की समीक्षा, लापरवाही पर नोटिस

### मध्य प्रदेश सिवनी जिले विकासखंड कुरई अंतर्गत संचालित छात्रावासों, आश्रमों एवं विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने सहायक आयुक्त श्री मीणा ने कुरई-बिछुआ क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

इस दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, भोजन व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण की शुरुआत कुरई मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट बालक छात्रावास से की गई, जहां सहायक आयुक्त महोदय ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली तथा प्रातःकाल विद्यार्थियों को चाय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला खेल परिसर कुरई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीटीआई की अनुपस्थिति पाए जाने पर सहायक आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद कन्या आश्रम बिछुआ का निरीक्षण कर छात्राओं से शैक्षणिक संवाद किया गया, जहां छात्राओं की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया। वहीं इंग्लिश मीडियम आश्रम बिछुआ में विद्यार्थियों से विषयवार चर्चा कर शिक्षकों को परीक्षा परिणाम एवं शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रधानपाठक को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण की विशेष बात यह रही कि सहायक आयुक्त श्री मीणा ने बच्चों के साथ सामूहिक भोज कर आश्रम का भोजन स्वयं ग्रहण किया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मीयता का माहौल देखने को मिला। इसके पश्चात जूनियर बालक छात्रावास बिछुआ का निरीक्षण कर अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा छात्रों के साथ व्यवहार में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। अंत में माध्यमिक शाला बिछुआ का निरीक्षण किया गया, जहां विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत कमजोर पाए जाने पर प्रधानपाठक श्रीमती दुबे एवं गणित शिक्षक शरणागत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सहायक आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त के साथ मंडल संयोजक हीरामणि दीक्षित एवं जिला कार्यालय से सुधीर राजनेगी भी उपस्थित रहे।

# 10 वाँ अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का शानदार आगाज



### मेकल मंडला ओर अमर स्पोर्ट्स पूना महाराष्ट्र का रोमांचक खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ केवलारी।

नगर के हाईस्कूल खेल मैदान मे एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी के द्वारा प्रतिबर्ष अंतर्राज्यीय क्रिकेट खेल का आयोजन किया जाता है। बर्ष 2025 के अंतिम सप्ताह मे क्रिकेट महोत्सव का शुभारंभ कुबेर मोंटू साहू संचालक मेसर्स सीताराम स्टोन क्रेशर के मुख्य आतिथ्य ,रमाशंकर महोबिया वारिष्ठ पत्रकार ,सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, जग्गनाथ प्रसाद साहू अधिवक्ता व सदस्य जिला योजना समिति ,प्रिंस जैन प्रोपाइटर जैन ट्रेडर्स ,बसंत चौधरी संचालक चौधरी ट्रांसपोर्ट, रुपेश शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष रोजगार सहायक संघ की गरिमामयी उपस्थिति मे ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुआ। एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष अमित तिवारी, उपाध्यक्ष बाबा करीम खान,सचिव नितिन बघेल,सहसचिव अभय अग्रवाल,कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह बघेल ओर अन्य सदस्यों के सहयोग से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का यह दसवां बर्ष है।दिनांक 27 दिसंबर 25 को शुरु मैच 11 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा ।फाइनल मे प्रथम विजेता टीम को एक लाख लिया।वन हजार ,द्वितीय विजेता टीम को 65 हजार रूपया ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। मैच का शुभारंभ मैच मैकल मंडला एवं अमर स्पोर्ट्स पुणे के बीच हुआ,अमर स्पोर्ट्स पुणे ने टॉस जीतकर बोलिंग करने का निर्णय लिया।मेकल मंडला ने अमर स्पोर्ट्स पूना से प्रथम मैच 86 रन से जीता।-20 सिरीज से होने बाले इस क्रिकेट महोत्सव क्षेत्र के लिये मनोरंजन ओर नवयुवकों को खेल के प्रति खेल भावना पैदा करता है।

स्टेडियम की महती आवश्यकता है- केवलारी- मे राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हमेशा आयोजित होते रहता है लेकिन स्टेडियम के ना होने से प्रतियोगिताये आयोजित करने मे अव्यवस्था होती है।

# जिला कांग्रेस आज मनायेगी 140 वॉ स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

**कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई, जिसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेशचंद बनर्जी चुने गये। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रमुख उद्धेश्य राष्ट्रवादी आंदोलन चलाना, भारतीयो को राजनैतिक लक्ष्यों से परिचित कराना, देश के विभिन्न भागो में नेताओं और कार्यकर्ताओं के मध्य मैत्रीपूर्ण संबंधो को मजबूत करना। राजनीतिक कार्यक्रम हेतु देशवासियों को एकमत करना, लोगो को जाति, धर्म एवं प्रांतीयता की भावना से उठाकर एक राष्ट्रव्यापी अनुभव को जागृत करना।**




अंग्रेजो से देश को आजाद कराने के लिए देश में ऐसा कोई संगठन खड़ा नही हुआ, जोकि देश के प्रत्येक क्षेत्र, वर्ग, धर्म, जाति के लिए स्वीकार हो, यही कारण था कि देश अंग्रेजो से आजाद नही हो पा रहा था। कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान, अंग्रेजो की प्रताडन्ना सहकर देश के लोगो में भरोसा जीता, कांग्रेस पार्टी के नेताओं के अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन में देश के लोग सक्रिय रूप से भाग लेने लगे धीरे धीरे कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में लोगो पर एक पहचान और विश्वास स्थापित किया। अंग्रेज कांग्रेस पार्टी के स्वतंत्रता आंदोलनों से बौखलाने लगे, अंग्रेजो ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को प्रताड़ित कर जेल में डालने का काम किया, उन्हें तरह तरह की यातनाएॅ दी। अंग्रेजो की यातनाओं से जितने लोग जेल जाते उससे अधिक संख्या में लोग स्वतंत्रता के लिए सडक्रो पर उतरने लगे,कांग्रेस पार्टी का यही प्रयास अंग्रेजो से देश को आजाद कराने में सफल हुआ।

आजादी के बाद देश के लोगो ने कांग्रेस पार्टी पर भरोसा कर देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकारों को चुना, कांग्रेस पार्टी ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, कांग्रेस पार्टी का प्रमुख उद्धेश्य लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्षता का पालन करते हुए देश के प्रत्येक जाति, धर्म, क्षेत्र के लोगो को साथ समान व्यवहार करते हुये भारत को सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत बनाना था, विपक्ष में रहते हुये कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लडऩे के लिए अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिये जिसमे प्रमुख दादाभाई नैरोजी, बदरूद्धीन तैयबजी, गोपालकृष्ण गोखले, बालगंगाधर तिलक, सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, सीमांतगांधी, मौलाना अबुलकलाम आजाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लालबहादुर शास्त्री सहित अनेक देशभक्तो ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्ववस्व न्यौछावर किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का 140 वॉ स्थापना दिवस, जिला कांग्रेस कमेटी ''इंदिरा भवन'' में प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा झंडा वंदन कर, वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान किया जायेगा। तत्पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शाम 4 बजे वृद्धा आश्रम में फलवितरण किया जायेगा। श्री मरावी ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो से ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में झंडा वंदन कर कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाएॅ। एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, विधायक, पूर्व विधायक, कांग्रेस पक्ष के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, समस्त मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं सभी कांग्रेस जनों से स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है।

# पत्नी को सिर पर कुल्हाड़ी मारने वाला पति पहुंचा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अरी थाना अंतर्गत ग्राम दौदींवाडा में दिनांक 25 12 2025 लगभग सुबह 8 बजे पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया जिससे पति ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण पति रामभरोस पटले उम्र 32 वर्ष ने अपनी पत्नी सरिता उम्र 27 वर्ष के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया घटना की सूचना ग्राम वासियों के द्वारा थाना अरी एवं 108 को दी गई घटनास्थल पर 108 से घायल महिला को अरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसकी स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया सिवनी में डॉक्टर के द्वारा जांच में महिला को मृत घोषित कर दिया गया अली थाना प्रभारी जो इस मामले की विवेचना कर रहे हैं ने बताया कि अपराधी रामभरोस से पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार किया रामभरोस के खिलाफ अपराध क्रमांक 358 /25 बीएस की धारा 103 (एक )के तहत कार्रवाई की गई मृतक महिला के छोटे-छोटे दो बच्चे हैं जहां थाना प्रभारी अरी आशीष खोबरागड़े ने बताया कि महिला के पति को घर से ही गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया। सरिता पति रामभरोस पतले उम्र 27 वर्ष 30 वर्ष अपराध क्रमांक बीएन एस भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 कोष्टक में एक आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया महिला को चरित्र शंका के लिए सर एवं कान पर कुल्हाड़ी से वार किया जिस महिला के सर में गंभीर चोटे आई जिसे 108 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अभी लाया गया जहां महिला को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां पर इलाज के दौरान डॉक्टर के द्वारा महिला को मूर्त घोषित कर दिया गया ।

## पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत आगामी 29 को ग्राम लुंगसा एवं पाटन के सरपंच तथा फुलारा के पंच के लिये होंगे मतदान

**सिवनी** /अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी एल चनाप ने बताया की पंचायत उप निर्वाचन 2025 अंतर्गत आगामी 29 दिसंबर को सिवनी जनपद के ग्राम लुंगसा तथा कुरई जनपद के ग्राम पाटन में सरपंच पद तथा सिवनी जनपद के ग्राम फुलारा के वार्ड क्रमांक 15 में पंच पद के लिये प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# जुबान नाला में जनभागीदारी से बोरी बंधान कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई



**केवलारी।** विकास खण्ड केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी खापा मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति एवं ग्राम प्रस्फूटन ग्राम पंचायत अलोनी खापा माल के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया गया। जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी खापा माल के जुबान नाला में बोरी बंधान कार्य को प्रभावी जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम 27 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे, नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार एवं मेंटर राधेश्याम बंदेवार , रामकृष्ण डेहरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों, एमएस डब्ल्यू व बीएस डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सभी ने मिलकर जुबान नाला में बोरी भरकर बांध बनाए, जिससे वर्षा जल को अधिकाधिक संरक्षित किया जा सके और भू-जल स्तर को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में जन अभियान परिषद के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण शपथ भी दिलाई गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक अशोक बेंद्रे, नावांकुर संस्था, माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, मेंटर्स राधेश्याम बंदेवार ,रामकृष्ण डेहरिया ,अलोनी खापा माल ग्राम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अल्फाज मोहम्मद उपाध्यक्ष किशोरी दास, जैनुल कुरैशी, शेख जब्बार सुखलाल धुर्वे राजेंद्र धुर्वे जितेंद्र परते राज बघेल तरुण बंदेवार शिवचरण जंधेला सहित बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मॉडल स्कूल लखनादौन में विज्ञान, स्वाद और कानून का अनूठा संगम

**लखनादौन ।संवादाता मुकेश साहू।** लखनादौनः- लखनादौन के मॉडल स्कूल प्रांगण में बीते दिनों एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच, पाक कला और विधिक साक्षरता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विज्ञान प्रदर्शनी (Science Exhibition), फूड स्टॉल और विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

न्यायिक अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन जिला एवं सत्र न्यायालय के निर्देशानुसार तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा समिति, श्री ललित कुमार झा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री अपूर्वा ताम्रकार उपस्थित रहीं।

**महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर दी जानकारी**

कार्यशाला के दौरान न्यायाधीश श्री ललित कुमार झा ने साइबर क्राइमः इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में होने वाली धोखाधड़ी से कैसे बचें। पॉक्सो एक्ट (POCSO Act): बच्चों के संरक्षण हेतु बनाए गए कड़े कानूनों की जानकारी दी, तथा पर्यावरण संरक्षणः प्रकृति को बचाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी को समझाया सुश्री अपूर्वा ताम्रकार ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरणः समाज में महिलाओं की भूमिका और उनकी सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधान के बारे में बताया



**विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा** एक ओर जहाँ विधिक पाठशाला में बच्चों ने कानून की बारीकियां सीखीं, वहीं दूसरी ओर साइंस एग्जीबिशन में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडलों ने सभी का मन मोह लिया। फूड फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्राचार्य श्रीमंती मोनिका रावत ने बताया कि ₹इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विज्ञान उन्हें तर्क करना सिखाता है, तो विधिक जानकारी उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

**प्रतिभा को मिला सम्मान :-** विद्यालय द्वारा साइंस मॉडल के लिए माध्यमिक स्तर पर प्रथम पुरस्कार आकाश मरावी को ,द्वितीय पुरस्कार अमन डेहरिया को ,तृतीय पुरस्कार कृष्णा यादव को तृतीय पुरस्कार हाई स्कूल स्तर पर प्रथम पुरस्कार मयंक राय को ,द्वितीय पुरस्कार ओम रजक को ,तृतीय पुरस्कार गायत्री ,अंजलि, शुभ लक्ष्मी को एवं उच्च स्तर पर प्रथम पुरस्कार आदया सोनी ,सौम्य सोनी द्वितीय पुरस्कार वैदेही सेन ,तृतीय पुरस्कार आकांशा जैन , दीक्षा राठौर ,ख़ुशी डेहरिया को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया पुरस्कार वितरण नगर अध्यक्ष मीना गोल्हानी , आशीष गोल्हानी शिल्पा श्रीवास्तव ,करुणा गोल्हानी ,विवेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया । उपस्थितिः कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा समिति से संजय उइके, पी.एल.वी.संतोष राय और नितेश सोनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से ऍम.एस.डेहरिया,पी.ऍम श्री कन्या शाला से सीता मिश्रा मौजूद रहे।

# संभाग स्तरीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता 31 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत भीमगढ ग्राम पंचायत गंगई रैयत भगतसिंह खेल मैदान में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता ओर विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत गंगई रैयत अंतर्गत भीमगढ कालोनी में नववर्ष के अवसर पर त्रिदिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त खेलप्रेमी एवं दर्शक बंदूओं को सादर आमंत्रित है, वहीं 30 दिसंबर ओर 31 दिसंबर को इस कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अंतिम अवसर रहेगा,साथ ही प्रत्येक टीम से प्रवेश शुल्क 601 रु,रखा गया है, इसके बाद विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 21000 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11000 हजार, तृतीय पुरस्कार 7000 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 5000 हजार, पांचवें स्थान वाली टीम को 3000 हजार का पुरस्कार समिति ने निश्चित किया है कि इसके अलावा बेस्ट रेडर को 501 रु, एवं बेस्ट कैचर को भी 501 रु साथ ही बेस्ट ऑल राउंडर को 501 रू का पुरस्कार दिया जाएगा साथ ही समिति का निर्णय सर्वमान्य रहेगा, चोटिल होने पर खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार रहेगा खिलाड़ी अपनी किट स्वयं लेकर आए वहीं समिति ने बताया कि एक खिलाड़ी एक ही टिम से खेलेगा वहीं प्रो कबड्डी के सभी नियम लागू रहेंगे खेल में व्यवधान उत्पन्न करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, वहीं कई वर्षों बाद इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन पर लोगों सहित ग्राम वासियों में भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

# गांव-गांव में गूंज रहा कॉलेज चलो अभियान

### कॉलेज चलो अभियान के प्रचार प्रसार में जुटी पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को कॉलेज शिक्षा से जोडऩे के लिए मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस की टीम गाँव - गाँव जाकर कॉलेज चलो अभियान का तेजी से प्रचार प्रसार कर रही है. पूरे प्रदेश में हर वर्ष उच्च शिक्षा विभाग में ई-प्रवेश प्रक्रिया के पहले कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है।

अभियान टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंडोल, शासकीय उमावि भोमा, शासकीय उमावि कान्हीवाड़ा और शासकीय उमावि मुंगवानी जैसे ग्रामीण स्कूलों का भ्रमण किया। नोडल अधिकारी डॉ मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद कर कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित किया।

अभियान दल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से छात्र छात्राओं को परिचित कराया और बैचलर डिग्री के मेजर, माइनर, एमडीसी तथा वोकेशनल विषयों के बारे में बताया. फील्ड प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एक्जिट के साथ साथ विद्यार्थियों को शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया।

कामयाब कैरियर का निर्माण उच्च शिक्षा से ही संभव

कॉलेज चलो अभियान दल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उच्च शिक्षा विभाग की कैरियर योजनाओं की जानकारी दी। अपने वक्तव्य में, डॉ जैन कुमार पंचेश्वर ने विद्यार्थियों से कहा कि सफल और कामयाब करियर का निर्माण उच्च शिक्षा से ही संभव होता है. उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप, आवास योजना, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना इत्यादि से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## कोठियां में श्री राम कथा का आयोजन 3 से 11 जनवरी को आयोजन

बंडोल -जिला सिवनी - विकास खंड सिवनी अंतर्गत बंडोल के समीपस्थ ग्राम कोठियां (दिघौरी) गुरुधाम में बिहिरिया रोड स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर में 3 जनवरी से 11 जनवरी दोपहर 01 बजे से शाम 05.30 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक पंडित नितेश शास्त्री जी द्वारा श्री राम कथा सुनाई जाएगी 11 जनवरी को हवन एवं महाप्रसाद के बाद कथा का समापन होगा आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## बारापत्थर क्षेत्र में अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग पर पुलिस का प्रहार

# कोतवाली और यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को कोतवाली पुलिस और यातायात विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया। इस कार्यवाही के तहत टीम ने शहर के व्यस्ततम बारापत्थर क्षेत्र के अंतर्गत पॉलीटेक्निक रोड और बबरिया रोड पर औचक निरीक्षण कर कड़ी कार्यवाही की।

अक्सर देखा जाता है कि दुकानदार अपनी दुकानों के विज्ञापन बोर्ड और सामान सड़क तक फैला देते हैं, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने पाया कि कई दुकानदारों ने सड़क की सीमा का उल्लंघन



करते हुए अपने बोर्ड बाहर लगा रखे थे। पुलिस ने इन बोर्डों को हटवाया और संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की।

इसके साथ ही, सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ भी मोर्चा खोला गया। पॉलीटेक्निक और बबरिया रोड पर ग्राहकों द्वारा बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहनों के कारण बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। टीम ने ऐसे दर्जनों वाहनों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया।

**दी सख्त चेतावनी-** उक्त कार्यवाही का नेतृत्व कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी और यातायात प्रभारी विजय बघेल ने किया। अधिकारियों ने दुकानदारों और आम जनता को स्पष्ट शब्दों में समझाइश दी कि वे यातायात नियमों का पालन करें। सड़कें आवागमन के लिए हैं, अतिक्रमण के लिए नहीं। दुकानों के बाहर बोर्ड रखने और अव्यवस्थित पार्किंग से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

# ग्राम पिपरिया में एक अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

**सिवनी जिले के आदेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार पिपरिया स्थित पानी टंकी के पास कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को बेहोश अवस्था में देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लखनादौन भेज दिया है। पुलिस अब मृतक की पहचान, उसके निवास स्थान और मृत्यु के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

आदेगांव थाना प्रभारी आशीष कुमार धुर्वे ने बताया कि पिपरिया में पानी टंकी के पास एक लगभग 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि यदि कोईव्यक्ति मृतक को पहचानता हो तो पुलिस को सूचित करे। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक की तस्वीर अन्य थाना क्षेत्रों में भी भेजी गई है।

# पंचायतों में फर्जी बिलों के जरिए हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायतों में फर्जी बिलों के जरिए हजारों से लेकर लाखों रुपए के भुगतान हो रहे है। ग्राम पंचायत तिरोड़ी में हुई जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ है। जिसके बाद हमने पड़ताल की तो पता चला कि केवल तिरोड़ी ही नहीं बल्कि तमाम ग्राम पंचायतों में फर्जी स्टेशनरी बिल और वास्तविक मूल्य से अधिक के बिल लगाकर राशि प्रदान की जा रही है। ग्राम पंचायतों में सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर मामले सामने आ रहा है। आरोप है कि पंचायतों में स्टेशनरी सामग्री की खरीदी के नाम पर फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं और वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक राशि का भुगतान दिखाकर सरकारी ख़ज़ाने को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। तमाम ग्राम पंचायतों में कार्यालयों में रजिस्टर, फाइल, पेन, काग़ज़, प्रिंटर कार्ट्रिज जैसी स्टेशनरी सामग्री की खरीदी दर्शाई गई है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर न तो इतनी सामग्री मौजूद है और न ही उपयोग के कोई ठोस प्रमाण। कई पंचायतों में एक ही प्रकार की सामग्री के लिए बार-बार बिल लगाए गए है।

## वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक भुगतान

बाज़ार में कम दाम पर उपलब्ध स्टेशनरी सामग्री के लिए पंचायत रिकॉर्ड में कई गुना अधिक राशि दर्शाई गई है। उदाहरण के तौर पर, जो सामग्री सामान्य बाज़ार में कुछ सौ रुपये में मिल जाती है, उसके बिल हज़ारों रुपये के दिखाए गए हैं। इससे यह संदेह और गहरा गया है कि यह सब सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। कुछ चुनिंदा दुकानों या फर्मों के ही बिल बार-बार लगाए गए हैं। कई बिलों में हस्ताक्षर और लेखन शैली एक समान है। जिससे फर्जीवाड़े की आशंका और मजबूत होती है। यह भी आरोप है कि बिना सामग्री आपूर्ति के ही भुगतान कर दिया गया।

## पंचायत दर्पण से भुगतान विवरण ने खोली पोल

पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान विवरण देखने से कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिकॉर्ड के अनुसार एक ही फर्म को एक ही प्रकार की स्टेशनरी सामग्री के लिए बार-बार भुगतान किया गया है। कुछ मामलों में एक ही मद के लिए अलग-अलग तिथियों में लगातार भुगतान दर्ज पाए गए, जबकि वास्तविक आवश्यकता और सामग्री की उपलब्धता पर सवाल खड़े होते हैं। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि काग़ज़ों में बिल बनाकर राशि आहरित की गई। पंचायत दर्पण पोर्टल से प्राप्त भुगतान विवरण के स्क्रीनशॉट जब सार्वजनिक होने लगे, तो संबंधित बिलों और दस्तावेज़ों को जानबूझकर धुंधला (ब्लर) कर प्रस्तुत किया गया, ताकि फर्म का नाम, बिल नंबर और भुगतान की वास्तविक जानकारी स्पष्ट न हो सके। कुछ मामलों में बाद में अपलोड किए गए दस्तावेज़ों की गुणवत्ता जानबूझकर कम रखी गई। जिससे जानकारी पढ़ना मुश्किल हो जाए। इसे साक्ष्यों को कमजोर करने और मामले को दबाने का प्रयास माना जा रहा है।

## जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध

इस पूरे मामले में पंचायत सचिवों,




सरपंचों और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। नियमों के अनुसार, किसी भी खरीदी से पहले प्रस्ताव, अनुमोदन और सामग्री की वास्तविक आपूर्ति का सत्यापन आवश्यक होता है, लेकिन इन प्रक्रियाओं को दरकिनार किया गया। पंचायतों में चल रहे फर्जी बिलों की पड़ताल से ऑडिट अधिकारी और एजेंसी पर भी सवालों के घेरे में है। इतने स्पष्ट वित्तीय अनियमितताओं के बावजूद यदि भुगतान और बिल ऑडिट में पास हो रहे है तो यह ऑडिट करने वाले अधिकारियों और संबंधित ऑडिट एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। नियमों के अनुसार ऑडिट के दौरान बिलों की वैधता, सामग्री की आवश्यकता, दरों की तुलना और मौके पर सत्यापन किया जाना चाहिए। ऐसे में फर्जी या बार-बार किए गए भुगतान ऑडिट में कैसे नजरअंदाज हो गए, यह जांच का विषय है।

## बिलों में हस्ताक्षर, पद मुद्रा और तारीख तक नहीं

यह भी सामने आया है कि कई भुगतान बिलों में सरपंच और पंचायत सचिव के हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा ही मौजूद नहीं हैं। वहीं कुछ बिलों में भुगतान की स्पष्ट तारीख तक अंकित नहीं की गई है। नियमों के अनुसार बिना हस्ताक्षर, पद मुद्रा और तिथि वाले बिल अमान्य माने जाते हैं और उन पर भुगतान नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद ऐसे बिलों के आधार पर राशि का आहरण किया जाना गंभीर लापरवाही या जानबूझकर की गई अनदेखी की ओर इशारा करता है। कई बिलों में राशि, मात्रा और कुल योग (टोटल) में स्पष्ट ओवरराइटिंग देखी गई है। कुछ मामलों में पहले लिखी गई रकम को काटकर दूसरी राशि जोड़ी गई, जबकि टोटल जोड़ में वास्तविक गणना से अंतर पाया गया। जानबूझकर टोटल बढ़ाने के लिए अंकों में हेरफेर की गई। वित्तीय नियमों के अनुसार ओवरराइटिंग वाले बिल संदिग्ध माने जाते हैं और ऐसे दस्तावेज़ों पर भुगतान प्रतिबंधित होता है, इसके बावजूद इन बिलों के आधार पर भुगतान होना गंभीर वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है।

## एक ही सामग्री दो फर्मों के बिल, तारीख एक-

यह भी तथ्य सामने आया है कि एक ही प्रकार की स्टेशनरी सामग्री के लिए दो अलग-अलग फर्मों के बिल एक ही तारीख में लगाए गए हैं। सामान्य प्रक्रिया में एक ही दिन में एक ही सामग्री की दो अलग-अलग फर्मों से खरीदी असामान्य मानी जाती है, जब तक कि इसकी ठोस आवश्यकता और स्वीकृति दर्ज न हो। लेकिन इन मामलों में न तो अतिरिक्त आवश्यकता का उल्लेख है और न ही किसी आपात खरीदी का प्रस्ताव। इससे यह संदेह और गहराता है कि एक ही भुगतान मद के ज़रिए अलग-अलग फर्मों को लाभ पहुंचाने के लिए बिल लगाए गए।

### शिक्षा उन्नति का द्वार है इसमें गरीबी कहीं भी अवरोध नहीं- लिल्हारे

# ताम्र परियोजना के सीएसआर राशि से खेल मैदान का हुआ उद्घाटन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बिरसा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के प्रभारी प्राचार्य विद्यानंद डोंगरे के उपस्थिति में एवं सी.एस.आर. हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री लोकेश कुमार लिल्हारे आईआरएस जीएसटी कमिश्नर जबलपुर, विशिष्ट अतिथि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड के अधिशासी निदेशक नागेश शेणय , विशेष अतिथि सहायक आयुक्त जीएसटी श्री चैतन्य वानखेड़े छिंदवाड़ा उपस्थित रहे अतिथियों के आगमन पर सर्वप्रथम पारंपरिक बैगा नृत्य से स्वागत किया गया एवं अतिथियों के मंचासीन पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया कार्यक्रम की शुरुआत कमिश्नर श्री लोकेश कुमार लिल्हारे एवं नागेश शेणय द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई पश्चात छात्राओं द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना गणेश वंदना एवं स्वागत गीत गया गया अतिथियों के स्वागत में छात्राओं द्वारा राजस्थानी नृत्य कथक नृत्य एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसने अतिथियों के मनमोह लिए और सभी ने तालिया से स्वागत किया अतिथि श्री लोकेश लिल्हारे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा मैं इसी क्षेत्र का रहने वाला हूं तथा इसी मोहगांव स्कूल से कक्षा 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण किया हूं और आज उच्च पद तक पहुंच पाया हूं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए आगे कहा शिक्षा उन्नति का द्वार है इसमें गरीबी कहीं भी अवरोध नहीं है आपके अंदर शिक्षा के प्रति जुनून होना चाहिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहानी के माध्यम से शिक्षा के प्रति मोटिवेट किया एवं अतीत में झांकते हुए अपने विद्यार्थी जीवन की रोचक संस्मरण सुनाएं तथा गुरुजनों सहपाठियों और ग्राम वासियों को याद किया कमिश्नर श्री लिल्हारे ने विद्यालय की कमी को दूर करते हुए ताम्र परियोजना के सीएसआर के सौजन्य से 5 लाख से अधिक लागत से वॉलीबॉल मैदान बास्केट बैडमिंटन एवं क्रिकेट मैदान का रिबन काटकर उद्घाटन किया उद्घाटन अवसर पर बच्चों के साथ क्रिकेट खेल कर खेल के प्रति उनका उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम को अधिशासी निदेशक ताम्र परियोजना के श्री नागेश शेणय अपने संबोधन में कहा कि हम सी,एस,आर,के तहत इस क्षेत्र के विद्यालयों में लगातार सृजनात्मक कार्य करते आ रहे हैं जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है बहुत से विद्यालय में पुस्तकालय खोले हैं स्वास्थ्य एवं कौशल विकास की ओर उल्लेखनीय कार्य किया गया है और आगे भी करते रहेंगे कमिश्नर श्री लोकेश लिल्हारे ने छात्र-छात्राओं को वालीबाल ल बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं क्रिकेट खेलने हेतु समस्त प्रकार की खेल सामग्री प्रदान की कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमान हिमांशु पाणिग्रही ,उपमहा प्रबंधक श्री लोकेश पुरोहित, हेमंत भगत, प्राचार्य एवं विकासखंड अधिकारी नरेंद्र वैद्य प्राचार्य , योगेश वराडे, श्रीमती कृतिका भगत, अंबुजा मरकाम , महेश ठाकरे, हेमेंद्र ठाकरे,सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी छात्र-छात्राएं कमिश्नर साहब के मित्रगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम बहुत भव्य और रोचक रहा जिसे सभी उपस्थित जनों ने कमिश्नर साहब की सादगी और विनम्रता को सराहा।

# सीसीएफ ने लापरवाही बरतने पर लौगुर वन परिक्षेत्र अधिकारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण वन मंडल बालाघाट सामान्य के लौगुर सामान्य परिक्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह बघेल को कर्तव्य में लापरवाही पाए जाने पर सीसीएफ गौरव चौधरी ने बुधवार 24 दिसंबर को निलंबित कर दिया है। यह मामला तीन जब्त ट्रैक्टरों पर समय सीमा में कार्रवाई नहीं करने का है। वन परिक्षेत्र लौगुर सामान्य के अंतर्गत स्थित जैतपुरी सर्किल के जैतपुरी भाग-दो बीट में तीन ट्रैक्टरों को वन क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 21 सितंबर 2024 को पकड़कर जब्त किया गया था। तीनों ट्रैक्टरों पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 11680/20, 11680/21, 11680/22 में दर्ज किया गया था। इस प्रकरण को वन परिक्षेत्र अधिकारी लौगुर को उप वनमंडलाधिकारी बालाघाट सामान्य ने 12 जून 2025 को पत्र लिखकर पुनः जांच कर प्रकरण भेजे जाने लेख किया गया था, लेकिन इस प्रकरण की जांच सही समय पर ना कर लेटलतीफी की गई। बताया जा रहा है कि तीनों ट्रैक्टर मालिकों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह बघेल पर ट्रैक्टर छुड़ाने के नाम पर कुछ राशि लेने का आरोप लगाया था। यह शिकायत सीसीएफ के पास मिलते ही लौगुर वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह बघेल को निलंबित कर उनका प्रभार वन परिक्षेत्र अधिकारी हट्टा सामान्य सुरेंद्र कुमार शेंडे को सौंपा गया है।

## कार्यवाहक वन परिक्षेत्र अधिकारी को मिला प्रभार

दक्षिण वन मंडल बालाघाट सामान्य के अनेक वरिष्ठ वन परिक्षेत्र अधिकारी पदस्थ होने के बावजूद उन्हें अतिरिक्त प्रभार ना देकर एक कनिष्ठ अधिकारी को प्रभार देने की बात समझ से परे है। यह भी जन चर्चा है कि लौगुर वन परिक्षेत्र से नजदीक स्थित बालाघाट वन परिक्षेत्र सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी को प्रभार ना देकर



लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित हट्टा वन परिक्षेत्र में पदस्थ कार्यवाहक वन परिक्षेत्र अधिकारी को प्रभार दिए जाने पर सवाल खड़े हो रहे है। इस संबंध में विवेक सिंह बघेल का कहना है कि यह मामला मेरे समय का नहीं है, उसके बाद भी कार्रवाई कर दी गई।

# देवी तालाब की स्वच्छता, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु विशेष सफाई अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाले देवी तालाब की स्वच्छता, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से एक विशेष एवं व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। देवी तालाब न केवल नागरिकों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह नगर के पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा तालाब की नियमित एवं वैज्ञानिक तरीके से सफाई सुनिश्चित की जा रही है।इस विशेष अभियान के अंतर्गत तालाब में लंबे समय से जमा गाद, जलकुंभी, प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजन सामग्री एवं अन्य ठोस अपशिष्ट पदार्थों को हटाया जा रहा है। सफाई कार्य हेतु प्रशिक्षित स्वच्छता अमले के साथ आधुनिक मशीनरी, पंप एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि तालाब के जल की गुणवत्ता में सुधार हो सके तथा जल प्रदूषण को रोका जा सके। इसके साथ ही तालाब के चारों ओर स्थित घाटों, सीढ़ियों, पाथवे एवं परिसर की भी समुचित साफ-सफाई कराई जा रही है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशन में संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही भविष्य में देवी तालाब को पुनः प्रदूषित होने से रोकने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, चेतावनी बोर्ड लगाने एवं नियमित निरीक्षण जैसी व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। नगर पालिका का लक्ष्य देवी तालाब को स्वच्छ, सुंदर एवं संरक्षित रूप में विकसित करना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिल सके।



# पीएम श्री शासकीय विद्यालय भेंडारा में वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

27 दिसंबर को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडारा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया 1 इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्की पटेल , प्रमुख अतिथि योगेश (राजा) लिल्लारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट, श्रीमती मधु ऋषि शुक्ला जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत बालाघाट, दुर्गा प्रसाद लिल्हारे अध्यक्ष शिक्षा समिति एवं उपाध्यक्ष जनपद पंचायत खैरलांजी, अनिल ऊके जनपद सदस्य , प्रफुल्ल नगपुरे सरपंच ग्राम पंचायत भेंडारा ,मुकेश तिवारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी खैरलांजी की गरिमामई उपस्थिति में प्रारंभ हुआ इस अवसर पर समस्त अतिथियां के द्वारा शिक्षा के उन्नयन एवं विकास के संबंध में छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया इसके साथ ही संस्था के प्राचार्य श्री रविकांत नागपुरे के द्वारा विद्यालय का शैक्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया इसमें विद्यालय की उपलब्धियां बतलाई गई एवं NEP2020 एवं पीएम श्री विद्यालय के विभिन्न उद्देश्यों को






विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पूर्ण किया जा रहा है कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले साक्षर्ताओं को पुरस्कृत किया गया एवं साल की वार्षिक पत्रिका परख का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन लोकराम जैतवार, विजय गुप्ता, श्रीमती रश्मि ठुलकर द्वारा किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम को तैयार करने में सांस्कृतिक प्रभारी अमित भंवरे , विजय गुप्ता, श्रीमती रश्मि तुरकर, श्रीमती गीतेश्वरी हेडाऊ,श्री सुरेंद्र मेश्राम की विशेष भूमिका रही 1 कार्यक्रम में श्री अनिल कावडे, आशीष पारधी, दिलीप पारधी , रूप दयाल गोखले, विनोद जी , राहुल नागपुरे, मौसम कोल्हेकर, जितेंद्र कुमार बांसोड़, श्रीमती गुणवंता पटले,श्रीमती सरिता सोनकोसारे श्री नंदकिशोर आड़े एवं विद्यालय स्टाफ के समस्त सदस्य का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया ।

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कार्यप्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

# पैक्स कम्प्यूटरीकरण में प्रदेश में अव्वल रहा जेएसके बैंक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट द्वारा 27 दिसंबर को जिला मुख्यालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में संभागीय क्षेत्राधिकारी जबलपुर संभाग एवं मेंटर ऑफिसर शीर्ष बैंक मुख्यालय भोपाल आर.सी. पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसके बैंक बालाघाट अभिनव सिंह बघेल, प्रभारी प्रबंधक लेखा पी. जोशी सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि जिले की 126 पैक्स समितियों द्वारा कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्ण कर ऑनलाइन माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों को लेन-देन के पश्चात कम्प्यूटरीकृत पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है। इससे कार्यों में पारदर्शिता बढ़ी है। समीक्षा में यह भी बताया गया कि पैक्स कम्प्यूटरीकरण के क्षेत्र में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है, जिस पर मंचासीन अधिकारियों द्वारा सभी शाखा प्रबंधकों एवं कर्मचारियों की



सराहना की गई।

## रबी ऋण वितरण में लापरवाही पर नोटिस

समीक्षा के दौरान रबी ऋण वितरण में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न होने पर शाखा प्रबंधक बैहर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन शाखाओं द्वारा अमानत संग्रहण में लक्ष्य की पूर्ति नहीं की गई, उन्हें एक माह की समय-सीमा प्रदान की गई।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी शाखाएं डिपॉजिट बढ़ाने, खातों को आधार से लिंक करने, डिमांड नोटिस की शत-प्रतिशत तामिली, समिति स्तर पर ऋणी सदस्यों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर नियमित सूचना प्रसारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एनपीए खातों पर विशेष ध्यान देने, डेबिट कार्ड, रूपे केसीसी कार्ड एवं माइक्रो एटीएम के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया गया। बालाघाट जिले द्वारा इन योजनाओं में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की गई।

बैठक में कृषि ऋण, फसल बीमा, जीएसटी, रिटर्न फाइलिंग, उर्वरक भंडारण एवं वितरण, मध्यमकालीन ऋण वितरण एवं वसूली की शाखावार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऋण लेने वाले कृषकों से समय पर वसूली सुनिश्चित करें, अन्यथा उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। इन सभी विषयों की साप्ताहिक समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। बैठक में एम.एल. यादव, श्रीमती सीमा दुबे, आशीष मिश्रा, प्रकाश साहू, श्रीमती लता गौतम, सारंग बिसेन, रौनक चैकसे, अमरेश सिंह परिहार, ऋषि बिसेन, सुनील राहंगडाले, ऋषि हरिनखेड़े, मोरेश्वर फुंडे, ज्ञानचंद नेवारे, जयकुमार नंदनवार, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, रत्नघोष भूरे, अनिरुद्ध वागदे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, दिनदयाल ठाकरे, दिलीप रामटेके, श्रीमती भूमेश्वरी नागेश्वर सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान” के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

**बालाघाट।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार, 27 दिसंबर 2025 को जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन तथा प्रशासक रचना चौधरी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ अभियान के अंतर्गत दिव्य मेमोरियल कॉन्वेंट हाई स्कूल बालाघाट एवं होली होम इंग्लिश हाई स्कूल बालाघाट (विकासखंड बालाघाट) में कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाओं में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बाल विवाह की परिभाषा एवं उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका अथवा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन दंडनीय अपराध है।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट ने सभी अतिथियों को पौधा देकर किया सम्मान

## सीबीएसई ने शिक्षकों के लिए 50 घंटे का वार्षिक प्रशिक्षण अनिवार्य किया महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 27 दिसंबर को सीबीएसई के निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए 50 घंटों की अनिवार्य ट्रेनिंग के तहत एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन विषय पर रखा गया जिसमें महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट, विवेक ज्योति सीबीएसई स्कूल बंदरझरिया बालाघाट, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल डोंगरिया बालाघाट के 60 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया ।इस ट्रेनिंग को देने के लिए सीबीएसई से नियुक्त दो रिसोर्स पर्सन श्री तेजेश तुरकर प्राचार्य सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल डोंगरिया बालाघाट और ऋषभ यादव अकादमिक कॉर्डिनेटर, रॉयल इकोल सिवनी तथा वेन्यू डायरेक्टर सह प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, और डॉ मोनिका एलकर प्राचार्य विवेक ज्योति सीबीएसई स्कूल बंदरझरिया बालाघाट ने दीप प्रज्वलन और गुरुपरंपरा , महर्षि महेश योगी जी व मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर गुरुपूजन के साथ की गई ।इसके पश्चात भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनीता तिवारी द्वारा कराया गया ।सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया द्वारा किया गया। प्रातः 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दोनों ही रिसोर्स पर्सन ने सभी को संबंधित विषय को पीपीटी,वीडियो और अपने व्यक्तिगत अनुभव का समावेश करते हुए रोचक ढंग से समझाया साथ ही कई कार्यकलाप के जरिए सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया ।इस कार्यक्रम में जे के पिल्लई प्राचार्य बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, जितेश नायर प्राचार्य ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल डोंगरिया बालाघाट ने भी अपनी उपस्थिति दी ।महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट की ओर से सभी अतिथि प्राचार्यों को पौधा देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों की पेशेवर दक्षता को सुदृढ़ करने तथा अभिभावकों के साथ प्रभावी



शैक्षणिक संवाद विकसित करने के तरीके बताए गए,समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसमें सक्रिय सहभागिता की।सत्रों के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने अभिभावक-शिक्षक सहभागिता के महत्व, प्रभावी संवाद कौशल, अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझने, बच्चों के सर्वांगीण विकास में संयुक्त भूमिका तथा सीखने की प्रक्रिया में घर-विद्यालय समन्वय जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को केस स्टडी, समूह चर्चा एवं गतिविधि-आधारित सत्रों के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार अभिभावकों को शिक्षा प्रक्रिया का सकारात्मक भागीदार बनाया जा सकता है। साथ ही, डिजिटल टूल्स के माध्यम से अभिभावकों से संवाद, प्रगति रिपोर्ट साझा करने के प्रभावी तरीके और परामर्श कौशल पर भी प्रकाश डाला गया।प्रश्नोत्तर सत्र में शिक्षकों ने व्यवहारिक चुनौतियों को साझा किया, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा सुझाया गया।